रोल नंबर

| 1 | 5 | 5 | 9 | 3 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|

**परीक्षण पुस्तिका** परीक्षण पुस्तिका क्र० **3065557**

**VS246J**

परीक्षण पुस्तिका कोड : **Q**

# हिन्दी (HINDI)

परीक्षार्थी का नाम :

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

**समय : 2 घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. आपको ओ० एम० आर० (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) उत्तर-पत्रिका के साथ-साथ एक **16** पृष्ठों की परीक्षण पुस्तिका दी गई है। इस परीक्षण पुस्तिका में क्रमवार, **1** से **80** संख्या तक, **80** प्रश्न दिए गए हैं। **परीक्षण पुस्तिका के पृष्ठों की गिनती कर लें और सुनिश्चित करें कि वे सही क्रम में हैं तथा परीक्षण पुस्तिका एवं ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका की क्रम संख्या एवं कोड एक समान हैं। यदि परीक्षण पुस्तिका व ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में बेमेल/त्रुटि/विसंगति हो, तो अपने निरीक्षक को वापस करके उसके स्थान पर सही परीक्षण पुस्तिका एवं ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका लें।**
2. निम्नांकित उदाहरण के अनुसार प्रश्नों के उत्तर केवल ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में ही दें। परीक्षार्थियों को ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में उचित स्थान पर अपने उत्तर दर्शाने होंगे। ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका के पृष्ठ-1 पर दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक वृत्त को ही काला करें।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिनमें से केवल **एक** उत्तर सही है। परीक्षार्थियों को सही उत्तर चुनकर, चुने गए उत्तर के संगत वृत्त को काला करना होगा। उदाहरणार्थ, यदि प्रश्न सं० **37** के लिए आपका उत्तर (C) है, तो © के अंतर्गत वृत्त को ठीक वैसा ही काला करें जैसा कि नीचे दर्शाया गया है :

| Q. No. | RESPONSE |
|---|---|
| 37. | Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ |

4. ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में लिखने के लिए केवल नीले/काले बॉल-प्वाइंट पेन का ही उपयोग करें। परीक्षार्थियों को अपना बॉल-प्वाइंट पेन लाना होगा। **पेंसिल का उपयोग सख्त रूप से वर्जित है।**
5. परीक्षा की अवधि 11:30 a.m. से 01:30 p.m. तक दो घंटों की होगी और इसमें तीन खण्ड होंगे जिसमें केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे।
6. **'दिव्यांग छात्रों' के लिए अतिरिक्त 40 मिनट दिए जाएँगे।**
7. प्रत्येक परीक्षार्थी को सभी तीनों खण्डों की एक परीक्षण पुस्तिका दी जाएगी।
8. निम्न ब्यौरों के अनुसार **100** अंकों के **80** प्रश्न होंगे। 11:15 a.m. से 11:30 a.m. तक निर्देश पढ़ने के लिए **15** मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा :

| परीक्षण का प्रकार | खण्ड | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षण | खण्ड—I | 1 से 40 = 40 प्रश्न | 50 |
| अंकगणित परीक्षण | खण्ड—II | 41 से 60 = 20 प्रश्न | 25 |
| भाषा परीक्षण | खण्ड—III | 61 से 80 = 20 प्रश्न | 25 |
| | कुल योग | **80** | **100** |

9. सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए समान अंक होंगे।
10. आपको प्रत्येक खण्ड में क्वालीफाई करने के लिए प्रत्येक खण्ड का उत्तर देना होगा।
11. **खण्ड—I** में दस भाग हैं। प्रत्येक भाग के लिए अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।
12. ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में ओवरराइटिंग, स्ट्राइकिंग, कटिंग, श्वेत/करेक्शन तरल का उपयोग तथा मिटाने की अनुमति नहीं है। **इस प्रकार के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।** ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में अलग से कोई चिह्न न लगाएँ। ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में एक बार उत्तर चिह्नित करने के बाद उस पर कोई बदलाव नहीं किया जाना चाहिए।
13. ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में कच्चा कार्य नहीं किया जाना चाहिए। **कच्चे कार्य** के लिए परीक्षण पुस्तिका की पृष्ठ संख्या **16** का उपयोग करें।
14. प्रत्येक **30** मिनट पर घंटी बजाई जाएगी।
15. किसी भी प्रकार की ऋणात्मक मार्किंग नहीं की जाएगी।

SEAL


## खण्ड—I

## मानसिक योग्यता परीक्षण

### भाग—1


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **1** से **4** में, प्रत्येक प्रश्न में चार चित्र (A), (B), (C) और (D) दर्शाए गए हैं। इन चार चित्रों में से तीन चित्र किसी विधि से एकसमान हैं, जबकि एक चित्र अन्य से भिन्न है। अन्य से भिन्न चित्र का चयन करें। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

**1.**




(A) (B) (C) (D)

**2.**




(A) (B) (C) (D)

**3.**



(A) (B) (C) (D)

**4.**




(A) (B) (C) (D)

भाग—2

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **5** से **8** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दिए गए हैं। उत्तर चित्रों से प्रश्न चित्र के समरूप चित्र को चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।


प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

**5.**




(A) (B) (C) (D)

**6.**




(A) (B) (C) (D)

**7.**



(A) (B) (C) (D)


**8.**




(A) (B) (C) (D)


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **9** से **12** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है, जिसका एक भाग लुप्त दर्शाया गया है। दाईं ओर दिए गए उत्तर चित्र (A), (B), (C) और (D) पर गौर करें तथा उस उत्तर चित्र का पता लगाएँ जिसको **बिना दिशा परिवर्तन** के प्रश्न चित्र के पैटर्न को पूरा करने के लिए प्रश्न चित्र के लुप्त भाग में बिठाया जा सके। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।


| प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र |
|---|---|

**9.** 





(A) (B) (C) (D)

**10.** 





(A) (B) (C) (D)

**11.** 



(A) (B) (C) (D)

**12.** 




(A) (B) (C) (D)


## भाग—4

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **13** से **16** में, बाईं ओर तीन प्रश्न चित्र दर्शाए गए हैं तथा चौथे चित्र के लिए स्थान छोड़ा गया है। प्रश्न चित्र श्रेणीक्रम में हैं। श्रेणीक्रम को पूरा करने के लिए दाईं ओर उपलब्ध उत्तर चित्रों में से एक चित्र का चयन करें जिसे बाईं ओर दिए गए प्रश्न चित्र के खाली स्थान में प्रतिस्थापित किया जा सके। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

**प्रश्न चित्र** | **उत्तर चित्र**


**13.**




(A) (B) (C) (D)


**14.**




(A) (B) (C) (D)


**15.**




(A) (B) (C) (D)

**16.**








(A) (B) (C) (D)



## भाग—5

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **17** से **20** में, प्रत्येक प्रश्न में दो प्रश्न चित्रों के दो सेट दिए गए हैं। दूसरे सेट में एक प्रश्न चिह्न (?) है। प्रथम सेट के दो प्रश्न चित्रों में एक निश्चित सम्बन्ध है। इसी तरह का सम्बन्ध दूसरे सेट के तीसरे तथा चौथे प्रश्न चित्र में भी होना आवश्यक है। उत्तर चित्रों से उस चित्र का चयन करें जो प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित करेगा। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।



| प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र |
|---|---|

**17.**  



(A) (B) (C) (D)

**18.**  

(A) (B) (C) (D)

**19.**  

(A) (B) (C) (D)

**20.**  


(A) (B) (C) (D)

## भाग—6

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **21** से **24** में, प्रश्न चित्र के रूप में ज्यामितीय चित्र (त्रिभुज, वर्ग, वृत्त) के एक भाग को बाईं ओर दर्शाया गया है तथा दाईं ओर दूसरे भाग को चार उत्तर चित्रों के रूप में (A), (B), (C) और (D) से दर्शाया गया है। दाईं ओर के चित्र से ज्यामितीय चित्र को पूर्ण करने वाले चित्र को ज्ञात करें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।


प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

**21.**




(A) (B) (C) (D)

**22.**




(A) (B) (C) (D)

**23.**



(A) (B) (C) (D)

**24.**




(A) (B) (C) (D)




## भाग—7


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **25** से **28** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दर्शाया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। किसी दर्पण को $XY$ के अनुदिश रखे जाने पर प्रश्न चित्र के सही दर्पण प्रतिबिम्ब को उत्तर चित्र से चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।





| प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र | | | |
|---|---|---|---|---|


**25.** 








(A)

(B)

(C)

(D)





**26.** 



(A)

(B)

(C)

(D)

**27.** 




(A)

(B)

(C)

(D)


**28.** 



(A)

(B)

(C)

(D)


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **29** से **32** में, बाईं ओर प्रश्न चित्र में दर्शाए अनुसार कागज के एक टुकड़े को मोड़कर पंच किया गया तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। कागज के टुकड़े के तह को खोलने पर वह जिस प्रकार दिखेगा वैसा ही चित्र उत्तर चित्र से चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।


प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

**29.** 





(A) (B) (C) (D)

**30.** 





(A) (B) (C) (D)

**31.** 























(A) (B) (C) (D)

**32.** 




(A) (B) (C) (D)


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **33** से **36** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। उत्तर चित्र से उस चित्र का चयन करें जिसे प्रश्न चित्र में उपलब्ध कट-आउट टुकड़ों से बनाया जा सकता हो। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

| प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र | | | |
|---|---|---|---|---|
| **33.**  |  (A) |  (B) |  (C) |  (D) |
| **34.**  |  (A) |  (B) |  (C) |  (D) |
| **35.**  |  (A) |  (B) |  (C) |  (D) |
| **36.**  |  (A) |  (B) |  (C) |  (D) |


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **37** से **40** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। उत्तर चित्रों से उस चित्र को चुनें जिसमें प्रश्न चित्र छिपा/सम्मिलित है। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।


| प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र |
|---|---|

**37.** 





(A) (B) (C) (D)

**38.** 





(A) (B) (C) (D)

**39.** 



(A) (B) (C) (D)

**40.** 



(A) (B) (C) (D)

## खण्ड—II

### अंकगणित परीक्षण

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर हैं, जिन्हें (A), (B), (C) और (D) क्रम दिया गया है। इनमें से केवल **एक** उत्तर ही **सही** है। सही उत्तर चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ॰ एम॰ आर॰ उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

**41.** यदि हम 1 से 100 तक की सभी संख्याओं को लिखते हैं, तो अंक 9 कितनी बार आएगा?

(A) 19 (B) 20
(C) 21 (D) 23

**42.** 3 अंकों की बड़ी-से-बड़ी संख्या तथा 3 अंकों की छोटी-से-छोटी संख्या, जो कि अंक 9, 6 तथा 0 से बनी हैं, का गुणनफल है :

(A) 66240 (B) 999000
(C) 584640 (D) 869760

**43.** एक भिन्न वही या तुल्य रहता है, यदि :

(A) एक ही संख्या अंश व हर में जोड़ी जाए
(B) एक ही संख्या अंश व हर से घटा दी जाए
(C) एक ही संख्या, शून्य को छोड़कर, से अंश व हर को गुणा किया जाए
(D) इसे इसके व्युत्क्रम से गुणा किया जाए

**44.** यदि $4392 \div 3.66 = 1200$, तो $439.2 \div 36.6 =$

(A) 12 (B) 0.12
(C) 1.02 (D) 1.2

**45.** एक वर्ग का परिमाप उस आयत के परिमाप के समान है जिसकी लंबाई 17 मी॰ तथा चौड़ाई 11 मी॰ है। इस वर्ग का क्षेत्रफल (वर्ग मी॰ में) है :

(A) 196 (B) 14
(C) 187 (D) 121

**46.** 30 कि॰ ग्रा॰ मिठाई से $\frac{2}{3}$ कि॰ ग्रा॰ भार के कितने मिठाई के पैकेट बनाए जा सकते हैं?

(A) 20 (B) 30
(C) 40 (D) 45

**47.** एक आयताकार प्लॉट का क्षेत्रफल 616 वर्ग मीटर है, जबकि इसकी चौड़ाई 22 मीटर है। इसके चारों ओर ₹ 7.50 प्रति मीटर की दर से बाड़ लगवाने का खर्च है :

(A) ₹ 1,500 (B) ₹ 375
(C) ₹ 4,620 (D) ₹ 750

**48.** यदि $\frac{a}{b}$ एक भिन्न है, जिसमें $a = b - 3$ तथा $\frac{a+10}{b} - \frac{a}{b} = \frac{10}{7}$ है, तो $\frac{a}{b}$ है :

(A) $\frac{8}{11}$ (B) $\frac{2}{5}$
(C) $\frac{4}{7}$ (D) $\frac{5}{8}$

**49.** $31\frac{7}{16}$ को दशमलव में परिवर्तित करने पर आता है :

(A) 314.375 (B) 3.14375
(C) 31.4375 (D) 31.475

**50.** यदि एक वर्ग की प्रत्येक भुजा अपनी एक-तिहाई हो जाए, तो वर्ग का क्षेत्रफल घटकर हो जाएगा :

(A) एक-सातवाँ
(B) एक-तिहाई
(C) एक-आठवाँ
(D) एक-नवाँ

कच्चे कार्य के लिए जगह

51. एक वस्तु को ₹ 2,540 में बेचने पर जो लाभ प्राप्त होता है वहीं उसी वस्तु को ₹ 1,850 में बेचने पर जो हानि होती है, के बराबर है। वस्तु का क्रय मूल्य है :

(A) ₹ 2,095 (B) ₹ 2,195
(C) ₹ 2,010 (D) ₹ 2,020

52. एक मशीन एक मिनट में 12 पृष्ठ छाप सकती है। 5760 पृष्ठों को छापने में कितना समय लगेगा?

(A) 7 घंटे (B) 8 घंटे
(C) $8\frac{1}{2}$ घंटे (D) 9 घंटे

53. एक पुस्तक का क्रय मूल्य ₹ 100 है। दूकानदार ऐसी 3 पुस्तकों को ₹ 275 में बेचता है। लाभ या हानि क्या है?

(A) लाभ ₹ 175
(B) लाभ ₹ 25
(C) हानि ₹ 175
(D) हानि ₹ 25

54. $5\frac{3}{8}\times 8\frac{1}{8}-3\frac{1}{8}\times 5\frac{5}{8}$ को हल करने पर प्राप्त होता है (लगभग) :

(A) 25 (B) 26
(C) 27 (D) 30

55. 30009 का मान वही है जो कि :

(A) 30 दस हज़ार तथा 9 दहाई का
(B) 30 हज़ार तथा 9 सैकड़ा का
(C) 3 दस हज़ार तथा 9 इकाई का
(D) 3 दस हज़ार तथा 9 दहाई का

56. सुमित का भार 107 कि० ग्रा० है तथा संजय का भार 82 कि० ग्रा० है। दोनों के भार का सन्निकटन द्वारा निकटतम दहाई के मान का अन्तर है :

(A) 30 कि० ग्रा० (B) 100 कि० ग्रा०
(C) 40 कि० ग्रा० (D) 20 कि० ग्रा०


57. यदि दो कोणों का योगफल एक अधिककोण है, तो निम्न में से कौन-सा संभव नहीं है?

(A) एक समकोण तथा एक न्यूनकोण
(B) एक अधिककोण तथा एक न्यूनकोण
(C) दो न्यूनकोण
(D) दो समकोण

58. एक संख्या के अंकों का जोड़ संख्या से घटाया जाता है। परिणामी संख्या सर्वदा भाज्य होगी :


(A) 2 से (B) 7 से
(C) 5 से (D) 9 से

59. आकृति में $\angle AOB$, $\angle BOC$, $\angle COD$ तथा $\angle DOE$ के माप क्रमशः हैं :




(A) 20°, 40°, 80°, 120°
(B) 30°, 30°, 70°, 130°
(C) 40°, 30°, 120°, 70°
(D) 50°, 20°, 80°, 110°

60. दिया गया दण्डचार्ट विभिन्न देशों की क्रिकेट टीमों द्वारा एक वर्ष में खेले गए मैचों की संख्या दर्शाता है। ऑस्ट्रेलिया की टीम द्वारा पाकिस्तान की टीम से कितने मैच अधिक खेले गए?




(A) 8 (B) 2
(C) 4 (D) 6

कच्चे कार्य के लिए जगह

## खण्ड—III

### भाषा परीक्षण

**निर्देश :** इस खण्ड में **चार** अनुच्छेद हैं। प्रत्येक अनुच्छेद पर **पाँच** प्रश्न हैं। प्रत्येक अनुच्छेद को सावधानी से पढ़ें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिनकी क्रम संख्या (A), (B), (C) और (D) है। इनमें से केवल **एक** उत्तर ही **सही** है। सही उत्तर चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

### अनुच्छेद—1

कृतज्ञता ज्ञापन एक महान सद्‌गुण है जो प्रत्येक मनुष्य में होना चाहिए। यह एक अनुभूति है जिसके द्वारा हम किसी के प्रति धन्यवाद अभिव्यक्त करते हैं। हम अनेक रूपों में अपनी कृतज्ञता ज्ञापित कर सकते हैं। हम अपने विचारों, शब्दों, और कार्यों में कृतज्ञ हो सकते हैं। जब हम 'धन्यवाद' कहते हैं उसका अर्थ होगा हम 'कृतज्ञ' हैं। हमें उन सबके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए जो हमारे लिए सहायक हैं। हमें ईश्वर के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए क्योंकि उसने हमें अनेक अच्छी वस्तुएँ प्रदान कीं। हमें उसे अपने हृदय के अंतरतम से धन्यवाद देना चाहिए।

**61.** 'धन्यवाद' का अर्थ है कि हम _____ हैं।

(A) उच्च

(B) उदास

(C) दुःखी

(D) कृतज्ञ

**62.** महान सद्‌गुण क्या है?

(A) क्रूरता प्रदर्शन

(B) कृतज्ञता प्रदर्शन

(C) दुःख व्यक्त करना

(D) कष्ट बताना

**63.** अपने/अपनी _____ में भी कोई कृतज्ञ हो सकता है।

(A) सद्‌गुणों (B) कर्तव्यों

(C) विचारों (D) आमदनी

**64.** 'सहायक' शब्द _____ है।

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) क्रिया (D) विशेषण

**65.** 'सद्‌गुण' का अर्थ है _____।

(A) गुण

(B) नायकवाद (वीरता)

(C) बुराई

(D) शांति

### अनुच्छेद—2

आपने महान पर्यावरणवादी और सामाजिक कार्यकर्ता सुंदरलाल बहुगुणा के बारे में अवश्य सुना होगा। उनका जन्म उत्तराखंड के एक छोटे-से गाँव में हुआ था। उनका गाँव ऊँची पहाड़ियों पर हरे-भरे वनों से घिरा हुआ था। वन मूल्यवान वृक्षों से भरे हुए थे। खेल का सामान बनाने वाली अनेक कंपनियों ने, सामान बनाने के लिए, पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। इसका परिणाम यह हुआ कि आस-पास के क्षेत्रों में विनाशकारी बाढ़ आनी शुरू हो गयी। बाढ़ से लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्हें अपने जीवन में वनों का महत्त्व समझ में आया।

**66.** सुंदरलाल बहुगुणा एक महान _____ थे।

(A) पर्यावरणवादी

(B) वैज्ञानिक

(C) अध्यापक

(D) चिकित्सक

**67.** उनका गाँव _____ घिरा हुआ था।

(A) गहरे वनों से

(B) भूरे वनों से

(C) हरे-भरे वनों से

(D) सूखे वनों से

**68.** वनों की कटाई के परिणामस्वरूप _____ आने लगी।

(A) विनाशकारी बाढ़

(B) बाढ़द्वार

(C) अनावृष्टि

(D) तीव्र रोशनी

**69.** 'सुंदरलाल बहुगुणा' _____ संज्ञा है।

(A) जातिवाचक (B) समूहवाचक

(C) भाववाचक (D) व्यक्तिवाचक

**70.** 'मूल्यवान' _____ का पर्यायवाची है।

(A) घृणास्पद (B) अप्रिय

(C) अमूल्य (अनमोल) (D) अनुपयोगी

## अनुच्छेद —3

वैज्ञानिक और चिकित्सक हमारे शरीर के विभिन्न तंत्रों और अंगों पर टी०वी० के ख़तरनाक प्रभावों के बारे में हमें चेतावनी देते हैं। प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन औसतन तीन से चार घंटे टी०वी० देखता है, जिससे हमारी दृष्टि कमज़ोर होती है। बच्चों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है क्योंकि वे निकट से टी०वी० देखते हैं, जो अधिक हानिकारक है। इसके परिणामस्वरूप सिरदर्द की सामान्य शिकायत भी आती है।

लंबे समय तक टी०वी० देखना हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है। नृत्य, संगीत, लड़ाई के विभिन्न कार्यक्रमों की ऊँची आवाज़ से बहरापन आ सकता है। एक ही मुद्रा में लगातार टी०वी० देखने से जोड़ों में दर्द, पीठ में दर्द और मांसपेशियों में दर्द भी होता है। टी०वी० देखते हुए खाना खाने से हमारी पाचन क्रिया ढीली हो जाती है और मोटापा बढ़ता है। आतंक और हिंसा के दृश्यों से युवकों में मनोवैज्ञानिक समस्याएँ जन्म लेती हैं।

**71.** लंबे समय तक लगातार टी०वी० देखने से हमारा/हमारी _____ प्रभावित नहीं होता/होती है।

(A) मानसिक स्वास्थ्य (B) ऊँचाई

(C) पाचन क्रिया (D) भार

**72.** "आतंक और हिंसा के दृश्यों से युवकों में मनोवैज्ञानिक समस्याएँ जन्म लेती हैं।" 'मनोवैज्ञानिक समस्याओं' का संबंध _____ से संबंधित समस्याओं से है।

(A) मानस (B) हृदय

(C) पाचन क्रिया (D) श्रवण क्षमता

**73.** टी०वी० देखने का प्रभाव बच्चों की दृष्टि पर सबसे अधिक पड़ता है, क्योंकि _____ ।

(A) उनकी पाचन क्रिया ढीली हो जाती है

(B) टी०वी० देखते हुए वे ग़लत मुद्रा में बैठते हैं

(C) वे टी०वी० को बहुत निकट से देखते हैं

(D) वे टी०वी० देखते हुए खाना खाते हैं

**74.** 'ढीली' का समानार्थी शब्द है _____ ।

(A) शक्तिपूर्ण (B) व्यस्त

(C) धीरे (D) तीव्र

**75.** अनुच्छेद में प्रयुक्त 'हानिकारक' शब्द का विलोम है _____ ।

(A) हानिकारक (B) निराशाजनक

(C) उपयोगी (D) ख़तरनाक

## अनुच्छेद —4

विनम्रता एक महान सद्‌गुण है। इसका अभिप्राय है विनम्र, कोमल और सुशील होना। यह घमंडी होने के उलट है। यह स्वयं पर नियंत्रण रखने की गुणवत्ता है। ऐसा व्यक्ति ज़िद्दी नहीं होता। वह दूसरों से सलाह लेता है और उनके अनुभव से सीखता है। वह अपना स्वयं का विशेषज्ञ है। वह आसानी से नाराज़ नहीं होता। एक विनम्र व्यक्ति अपनी ग़लतियों और कमियों को मुस्कान के साथ स्वीकार करता है। क्योंकि वह आत्मकेन्द्रित नहीं है इसलिए वह विचारवान् है।

**76.** विनम्रता एक महान _____ है।

(A) गुण

(B) बुराई

(C) पाप

(D) दोष

**77.** विनम्रता का अभिप्राय है _____ ।

(A) अक्खड़ होना (B) सविनय होना

(C) क्रूर होना (D) दयाहीन होना

**78.** विनम्र व्यक्ति _____ से सीखता है।

(A) दूसरों के अनुभव

(B) स्वयं के अनुभव

(C) अध्यापकों के अनुभव

(D) अभिभावकों के अनुभव

**79.** 'घमंडी' किसका पर्यायवाची है?

(A) विनम्र (B) कोमल

(C) सुशील (D) अक्खड़

**80.** 'ज़िद्दी' का विलोम है _____ ।

(A) अटल (B) कठोर

(C) सहमत (D) स्वेच्छाचारी